**प्रेसनोट**
**दिनांक 04.12.2025**

## थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा मोटरसाईकिल चोरी करने के 02 आरोपी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाईकिल बरामद–

### कार्यवाहीः–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–292/2025, धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 आरोपी अभियुक्तगण–01. श्रीपाल दूबे पुत्र अलखराम दूबे, 02. भवन कुमार दूबे पुत्र कनकराम दूबे को पेढारेगढवा मार्ग से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की प्लेटिना मोटरसाईकिल बरामद किया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरणः–

दिनांक 03.12.2025 को वादी छोटू चौहान पुत्र नन्हके चौहान निवासी ग्राम पहलवारा, थाना कोतवाली नगर, जनपद बलरामपुर द्वारा थाना खरगूपुर में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 30.11.2025 को समय करीब 05:00 बजे शाम मैं अपनी मोटर साइकिल बजाज प्लेटिना से देशी शराब ठेका, रामनगर झिन्ना, थाना खरगूपुर पहुंचा था। वहाँ मैं अपनी मोटर साइकिल खड़ी कर सामान खरीदने के लिए दुकान के अंदर गया। जब सामान लेकर बाहर आया तो मेरी मोटर साइकिल वहाँ से गायब मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी मोटर साइकिल नहीं मिली। मेरी मोटर साइकिल को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना खरगूपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें आज दिनांक 04.12.2025 को थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए घटना का सफल अनावरण करते हुए मोटरसाईकिल चोरी करने के 02 आरोपी अभियुक्तों 01. श्रीपाल दूबे पुत्र अलखराम दूबे, 02. भवन कुमार दूबे पुत्र कनकराम दूबे को पेढारेगढवा मार्ग से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की प्लेटिना मोटरसाईकिल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त–

01. श्रीपाल दूबे पुत्र अलखराम दूबे, निवासी मर्दनपुरवा, मौजा मधवानगर, थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।
02. भवन कुमार दूबे पुत्र कनकराम दूबे, निवासी मर्दनपुरवा, मौजा मधवानगर, थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

### पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0– 292/2025 धारा 303(2),317(2),317(4) बीएनएस थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

### बरामदगी–

01. 01 अदद प्लेटिना मोटरसाईकिल।

### गिरफ्तार कर्ता टीम–

01. उ0नि0 शेषनाथ पाण्डेय।
02. हे0का0 पप्पू सिंह।
03. हे0का0 दयाशंकर चौहान।
04. हे0का0 महताब खां।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**